हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर



**अनमोल वचन**

सफलता सिर्फ ख्वाब देखने से नहीं मिलती, बल्कि मेहनत और धैर्य से हर मुश्किल आसान हो जाती है।

रविवार 3 मई 2026 बर्ष 02 अंक 116 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## बुद्ध पूर्णिमा पर नालंदा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहल, वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने हेतु बौद्ध विरासत का महत्त्व

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय ने न्यूयॉर्क में उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय संवादों में भागीदारी के माध्यम से अपनी बढ़ती वैश्विक संलग्नता को चिह्नित किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय 'वेसाक' दिवस कार्यक्रम के साथ–साथ नेपाल में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता रही। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस समारोह में "वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने हेतु बौद्ध विरासत का उपयोग" विषय पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर चतुर्वेदी ने कहा कि बौद्ध दर्शन की समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में स्थायी प्रासंगिकता पर बल दिया, जिसमें परस्पर निर्भरता, सामूहिक कल्याण तथा नैतिक विकास को वैश्विक शासन की आधारशिला के रूप में रेखांकित किया। विश्व की प्रथम आवासीय अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय 'नालंदा' की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसके पुनरुद्धार को संस्कृतियों एवं राष्ट्रों के मध्य संवाद को प्रोत्साहित करने वाले जीवंत सभ्यतागत पुल के रूप में चित्रित किया। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में समर्पित सांस्कृतिक लक्ष्य की अनुपस्थिति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृति वैश्विक विकास एजेंडे का "अभावग्रस्त आधार" बनी हुई है। 2030 के बाद के विकास रूप–रेखा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने संस्कृति एवं नैतिकता को सतत एवं समावेशी वैश्विक प्रगति के संरचनात्मक स्तंभों के रूप में एकीकृत करने का आह्वान किया। प्रतीत्यसमुत्पाद, सम्यक आजीविका तथा जगत हित जैसे प्रमुख बौद्ध संकल्पनों को रेखांकित करते हुए प्रोफेसर चतुर्वेदी ने एक ऐसा फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया जिसमें शांति मात्र संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं, अपितु नैतिक चेतना एवं साझा उत्तरदायित्व का परिणाम है। उन्होंने आगे जोर दिया कि बौद्ध विरासत चाहे कलात्मक हो या दार्शनिक बहुपक्षीय सहयोग एवं सांस्कृतिक समझ को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण वैश्विक साझा संपदा का रूप है।




'वेसाक' समारोह के दौरान पर नालंदा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की उप–स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत योजना पटेल से भी भेंट की तथ इस महत्वपूर्ण संवाद को सुगम बनाने में उनके सहयोग की सराहना की। इस आयोजन में भूटान, कंबोडिया, जापान, लाओस, मंगोलिया, नेपाल, कोरिय, श्रीलंका तथा वियतनाम के स्थायी मिशन सहित अनेक सदस्य राष्ट्रों की सक्रिय और महत्वपूर्ण भ. ागीदारी रही। न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने नालंदा विश्वविद्यालय के सहयोग से बौद्ध धर्म पर एक विशिष्ट राउंडटेबल का आयोजन किया, जिसमें अमेरिका के कई प्रमुख स्कॉलर एवं शैक्षणिकजनों ने भी भाग लिया। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी के नेतृत्व में नालंदा प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक पहलों तथा साझा सभ्यतागत ज्ञान परंपराओं पर आधारित अर्थपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सहयोगों को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। सभी शामिल विद्वानों ने नालंदा के वैश्विक अधिगम केंद्र के रूप में पुनरुत्थान के प्रयासों की सराहना की तथा शैक्षणिक साझेदारियों को और सशक्त बनाने पर समृद्ध चर्चा में भाग लिया।नालंदा विश्वविद्यालय ने इस आयोजन के सफलता के लिए, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत विनय एस. प्रधान के सहयोग हेतु उनका आभार प्रकट किया। वहीं नेपाल में हुए एक आयोजन में नालंदा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रांशु समदर्शी को काठमांडू में भारत दूतावास द्वारा लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित शैक्षणिक सेमिनार को संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया। बुद्ध की जन्मस्थली पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भारत एवं नेपाल के मध्य गहन सभ्यतागत अंतर्संबंधों तथा परस्पर निर्भरता को समझने के साधन के रूप में बौद्ध दार्शनिक रूप–रेखा पर बल दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि बौद्ध धर्म की साझा विरासत समरसता, सहयोग तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने का गहन आधार प्रदान करती है, जो दोनों देशों के मध्य संलग्नता को और सशक्त बनाते हुए सहयोगी विकास को उन्नत कर सकती है।



## किसानों के बीच अनुदानित दर पर वितरण किया जा रहा मक्का का बीज

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय में स्थित ई–किसान भवन परिसर में गरमा फसल को लेकर बीज वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजकिशोर चरण कर रहे हैं। बीज वितरण शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में किसान केंद्र पर पहुंचकर बीज प्राप्त कर रहे हैं। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि फिलहाल जिला से इस बार 15 क्विंटल 50 किलो सिर्फ मक्का का बीज उपलब्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि यह वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीज लेने से पहले किसानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है, जिसके बाद ही किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज की कीमत के संबंध में उन्होंने बताया कि मक्का का बीज 50प्रतिशत अनुदानित दर पर 130 रुपये प्रति किलो की दर से दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक पांच क्विंटल बीच का वितरण किया जा चुका है। प्रत्येक किसान को अधिकतम 16 किलो बीज दिया जाएगा। बीज सरकार द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिल रही है और वे गरमा फसल की खेती के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे गेहूं की कटनी के बाद खाली पड़े खेतों में मक्का का बीज समय पर लेकर गरमा फसल की खेती करें, ताकि उत्पादन बढ़ सके और आय में वृद्धि हो।

## जनगणना ड्यूटी के बावजूद शिक्षकों को पहले पढ़ाना होगा, डीईओ नालंदा का निर्देश

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट सारे (नालंदा)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर नालंदा जिला शिक्षा पदा. धिकारी (डीईओ) ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को पहले विद्यालय में कक्षाएं संचालित करनी होंगी, उसके बाद ही वे जनगणना कार्य में शामिल होंगे।डीईओ कार्यालय द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि 2 मई से 31 मई 2026 तक जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कई विद्यालयों में आधे से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगा दी गई है, जिससे पठन–पाठन प्रभावित होने की आशंका है। विभागीय निर्देश के अनुसार, अप्रैल और मई माह में कक्षा 4, 5 और 6 के विद्यार्थियों की भाषा एवं गणित की बुनियादी क्षमता को मजबूत करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों की कमी से कक्षाओं के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीईओ ने निर्देश दिया है कि सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक विद्यालय में पढ़ाई सुनिश्चित करेंगे, इसके बाद ही वे जनगणना कार्य के लिए जाएंगे। साथ ही प्रधानाध्यापकों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि संबंधित शिक्षक विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इस आदेश से जहां एक ओर शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने का प्रयास किया गया है, वहीं शिक्षकों पर दोहरी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है।

## मौनी बगीचा देवी स्थान में अखंड कीर्तन सम्पन्न, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय प्रखंड के मिलपर स्थित मौनी बगीचा देवी स्थान में एक दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड कीर्तन से पूर्व निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुई, जिसमें महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। अखंड कीर्तन के समापन के बाद विशाल सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में मिलपर, नूरसराय बाजार, चरुईपर, खेवन विगहा समेत आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा गुप्त दान भी किया गया और भंडारे में सहयोग प्रदान किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पुजारी राधे प्रसाद, सुनील यादव, सेवानिवृत्त अधिकारी अभिमन्यु चौधरी, सेवानिवृत्त सैनिक अजय कुमार, विकास कुमार विभु, श्रवण कुमार गुप्ता, रवि शंकर प्रसाद, भोला यादव, जितेंद्र उर्फ दारा महतो, अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू, लोहा सिंह, रवि पांडे, राकेश साव, अयोध्या यादव, दयानंद यादव, उमेश चौधरी, विपिन कुमार, रॉकी सिंह, जितेंद्र साव, महेंद्र साव, मन्नू कुमार,



विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार, रमेश भदानी, उत्तम साव समेत अन्य ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक सदभाव का संदेश प्रसारित हुआ।







# सर गणेश दत मध्य विद्यालय बेलछी में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, 45 बच्चों ने कराया नामांकन



**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** चंडी प्रखंड क्षेत्र में स्थित सर गणेश दत मध्य विद्यालय बेलछी में शनिवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल पासवान और समाजसेवी मनोज कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। विद्यालय में प्रवेश लेने पहुंचे नन्हे बच्चों का विद्यालय परिवार के द्वारा तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया।जिससे सकारात्मक संकेत माना गया। इससे बच्चों और अभिभावकों में खाता उत्साह देखने को मिला। बता दे की जहां एक की ओर सरकारी स्कूलों में नाम. ांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों को गांव–गांव जाकर प्रयास करना पड़ता है। वही मध्य विद्यालय बेलछी में पहले दिन बड़ी संख्या में बच्चों का नामांकन होना एक सक. ारात्मक संकेत माना जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल पासवान ने बताया शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालय के परागण में कक्षा 1 से लेकर 8 वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्राओं अपने अभिभावक के साथ बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचकर बड़े उत्साह के साथ नामांकन कराया है। साथ ही निशुल्क में पुस्तक भी वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बेलछी, मिल्कीपर , मोकिमपुर मतेपुर, मानिक बीघा, रूपसपुर समेत अन्य गांव मिलकर नए सत्र में अब तक कुल 101 बच्चों ने नामांकन कराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कोई भी बच्चा नामांकित में छूटे ना इसके लिए हरनौत समेत पूरे नालंदा जिले के सरकारी विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह उत्सव केवल नामांकन नहीं बल्कि शिक्षा के प्रति उत्साह और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का एक मंच बना। वही मौके पर शिक्षक शैलेश कुमार, सुलेखा कुमारी, अमृत राज, रश्मि भारती, पुष्प लता कुमारी, जीवा गुलिस्ता बानू, शशांक आनंद, लक्ष्मी राउत समेत सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।



# बिहारशरीफ में एलेन सोली का एक्सक्लूसिव शोरूम खुला, सांसद ने किया उद्घाटन

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर के रामचन्द्रपुर में प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड एलेन सोली के एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि एलेन सोली भारत का एक प्रमुख प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड है, जो नई पीढ़ी के बीच काफी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि इस शोरूम के खुलने से बिहारशरीफ के लोगों को अब ब्रांडेड कपड़ों की खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शोरूम के प्रोपराइटर सतीश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ब्रांडेड कपड़ों के शौकीन ग्राहक यहां आकर खरीदारी कर सकते हैं और कंपनी द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एलेन सोली ब्रांड को वर्ष 1993 में भारत में पेश किया गया था और यह अपने आरामदायक व रंगीन औपचारिक परिध. ानों के लिए जाना जाता है। वहीं, युवा आइकन सह जदयू नेता रितेश कुमार ने कहा कि इस शोरूम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए रेडीमेड कपड़ों का शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के लिए कंपनी द्वारा आकर्षक योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ लोग उठा सकते हैं। कार्यक्रम में सिलाव की जिला परिषद सदस्या नवीता सिन्हा, चोरसुआ पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, वार्ड पार्षद संजय आजाद, डीपीएस कुशवाहा, पवन कुमार, पैक्स अध्यक्ष जितु कुमार, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नगरनौसा में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार, दो पहले से दबोचे गए



**केशववाणी नगरनौसा (नालंदा)।** जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। यह कार्रवाई पटना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा 1 मई 2026 को की गई, जिसमें भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र से महेश यादव (49 वर्ष) एवं नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र निवासी सदन प्रसाद (42 वर्ष) को हथियारों की खरीद–बिक्री के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया गया था। दोनों के पास से देशी कट्टा एवं उसके निर्माण में प्रयुक्त बैरल बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान सदन प्रसाद ने खुलासा किया कि उक्त बैरल कृष्ण विश्वकर्मा (40 वर्ष), निवासी चिकसौरा बाजार, द्वारा तैयार किया जाता है। वह नगरनौसा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में बच्चू महतो के किराये के मकान में रहकर अवैध आग्नेयास्त्र फैक्ट्री चला रहा था। सूचना के सत्यापन के बाद नगरनौसा थाना पुलिस ने बाजितपुर गांव में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कृष्ण विश्वकर्मा के कमरे से हथियार निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर जब्ती सूची तैयार की। इस संबंध में नगरनौसा थाना कांड संख्या 108/26, दिनांक 01.05.2026 के तहत शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद अभियुक्तों में कृष्ण विश्वकर्मा, महेश यादव एवं सदन प्रसाद शामिल हैं। कृष्ण विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कट्टा निर्माण के साँचे, अर्द्धनिर्मित बैरल, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, हथौड़ी, रेती, छेनी, स्प्रिंग, निहाई, आरी, लोहे के विभिन्न औजार एवं एक मोबाइल फोन सहित अन्य उपकरण।पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी कृष्ण विश्वकर्मा का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में भी शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। वहीं, सदन प्रसाद के खिलाफ भी पूर्व में मामला दर्ज है और वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, अपर थानाध्यक्ष इस्मा प्रवीन, एसआई शंकर राम सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं एसटीएफ की टीम। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# बिहारशरीफ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी तेज, घर–घर सर्वे को लेकर समीक्षा बैठक

**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत घर–घर सर्वे एवं सत्यापन कार्य को लेकर बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस क्रम में नगर आयुक्त–सह–चार्ज अधिकारी द्वारा 2 मई 2026 को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त 106 पर्यवेक्षक, 14 फील्ड ट्रेनर, नगर निगम के पदा. धिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 670 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (भ्स्ठ) निर्धारित किए गए हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से सर्वे और सत्यापन कार्य कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। सभी सुपरवाइजर को अपने–अपने प्रगणकों के साथ समन्वय स्थ. ापित कर निर्धारित HLB क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नक्शा सत्यापन का कार्य 3 मई 2026 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही घर–घर सर्वे एवं सत्यापन कार्य समय पर सुनिश्चित करने को कहा गया। निर्देश में यह भी कहा गया कि सुपरवाइजर प्रतिदिन प्रगणकों के कार्यों का भौतिक निरीक्षण करेंगे और प्रगति प्रतिवेदन रोजाना जनगणना कोषांग को उपलब्ध कराएंगे।



कार्य को सुगम बनाने के लिए नगर निगम के कर–संग्रहकर्ताओं को वार्डवार सुपरवाइजर के साथ टैग किया जाएगा, जिससे नक्शा सत्यापन एवं क्षेत्रीय कार्यों में सहूलियत मिल सके। इसके अलावा, नगर निगम के पदाधिकारियों, अभियंताओं और फील्ड ट्रेनरों को भी सुपरवाइजर के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके और जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो सके।नगर आयुक्त ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं।

# हिलसा में नशे की हालत में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार, देशी कट्टा बरामद

**केशववाणी हिलसा(नालंदा)।** अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 मई 2026 को हिलसा थाना को सूचना मिली कि ग्लोबल स्कूल, हिलसा के पास एक व्यक्ति नशे की हालत में हंगामा कर रहा है। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष पु०अ०नि० राकेश कुमार दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां एक युवक हंगामा करता पाया गया।पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम मुकेश कुमार (उम्र करीब 25 वर्ष), पिता अखिलेन्द्र प्रसाद, निवासी कौशिकनगर, थाना हिलसा, जिला नालंदा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया। इस मामले में हिलसा थाना कांड संख्या 329/26, दिनांक 01.05.2026 के तहत शस्त्र अधिनियम एवं मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में शामिल अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, सिपाही दीपक कुमार एवं रोहित चौरसिया।

# बिहारशरीफ में गहराता पेयजल संकट जल स्रोतों पर अतिक्रमण बना बड़ी वजह

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों पेयजल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। शहर के कई वार्डों में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है, जिससे आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि नगर निगम क्षेत्र में स्थित गैरमजरुआ आम जम. ीनों पर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोतकृजैसे नदी, तालाब, गड्ढे और पईनकृको बचाना भूगर्भ जल संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन तेजी से हो रहे शहरीकरण और जमीन की बढ़ती कीमतों के कारण इन जल स्रोतों पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ गया है। आरोप है कि जमीन माफिया की नजर इन प्राकृतिक संसाधनों पर है, जिससे जल संचयन और जल संचरण के स्रोत खत्म होते जा रहे हैं। वहीं नगर निगम में कचड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भी कई जल स्रोतों को कचरा डालकर भरा जा रहा है, जिससे उनकी उपयोगिता समाप्त हो रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग और जमीन माफियाओं की मिलीभगत से कई गैरमजरुआ आम जल स्रोतों की अवैध जमाबंदी भी की जा रही है, जो स्थिति को और गंभीर बना रही है।शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे इस गंभीर समस्या की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करें और जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी करें। साथ ही मीडिया से भी निष्पक्ष भूमिका निभाते हुए इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की मांग की गई है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में बिहारशरीफ में जल संकट और भी विकराल रूप ले सकता है।

# हज से लौटे जायरीन का संदेश– रूहानियत के साथ समाज सुधार का लें संकल्प

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर के विभिन्न मोहल्लों से इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोग हज यात्रा के लिए रवाना हो रहे हैं। कई परिवारों से एक ही घर के दो–तीन सदस्य पवित्र यात्रा पर जा रहे हैं, जिससे पूरे शहर, जिला और देशभर से जाने वाले जायरीन की संख्या हजारों में पहुंच रही है। उनके सकुशल सफर और हज के सभी अरकान की अदायगी के लिए दुआएं की जा रही हैं। हज यात्रा कर चुके एक स्थानीय व्यक्ति ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ हज किया था। इस दौरान उन्हा. ेने यात्रा और अरकान के बीच आने वाली कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन पवित्र स्थलों पर पहुंचकर उन्हें गहरी रूहानी अनुभूति और प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि हज केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन को बदलने वाली सीख भी देता है। हज के दौरान इस्लाम के अंतिम पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम) के संघर्ष, जद्दोजहद और उनके द्वारा लाए गए सामाजिक बदलाव की झलक देखने को मिलती है, जो इंसान को सच्चाई और इंसाफ के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।उन्होंने यह भी कहा कि हज का सबसे बड़ा सबक है–निर्भय होकर सच के साथ खड़ा होना। लेकिन अफसोस की बात है कि हज से लौटने के बाद भी कई लोग समाज के दबाव में आकर सच का साथ नहीं दे पाते, जिससे आपसी विवाद और नफरत खत्म नहीं हो पाती। समाज के संपन्न और प्रभावशाली लोगों से अपील की गई कि वे आगे बढ़कर सच का साथ दें और समाज की बुराइयों को दूर करने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही सुझाव दिया गया कि हज से लौटे लोग आपस में बैठकर अपने अनुभव साझा करें और समाज सुधार का संकल्प लें, ताकि हज के वास्तविक उद्देश्य को सार्थक किया जा सके।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव, 20 बच्चों का नामांकन

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 में अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा के निर्देश पर "स्कूल चले हम" अभियान के तहत प्रवेशोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया, सतौआ (गिरियक) में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 20 बच्चों का कक्षा 1 से 5 तक नाम. ांकन किया गया। कार्यक्रम को उत्सव का रूप देते हुए नामांकन के लिए पहुंचे बच्चों का माला पहनाकर एवं चंदन–तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही अभि: भावकों को भी फूल देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इस दौरान नव नामांकित बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, डायरी और टॉफी वितरित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए



प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में मनरेगा, गिरियक के कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार, सतौआ पंचायत की मुखिया श्रीमती ललिता देवी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नीतीश कुमार, प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षिका स्नेहा भारती, शिक्षक रामप्रवेश कुमार सहित कई ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड बैठक में कई अहम फैसले, सफाई से लेकर जलजमाव रोकने तक बनी योजना

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक 27 अप्रैल 2026 को नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उप. स्थित रहे। बैठक में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर निगम स्तर से जारी होने वाले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए समय–सीमा निर्धारित करने तथा आम लोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का फैसला किया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत मोटर मरम्मत के लिए वर्तमान तीन टीमों के अलावा एक अतिरिक्त टीम गठित करने और अतिरिक्त मोटर पंप सेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चापाकलों की मरम्मत युद्धस्तर पर कराने की बात कही गई। मानसून से पहले शहर में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए 20 मई 2026 तक सभी बड़े, मध्यम और छोटे नालों की सफाई (उड़ाही) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर इंटीग्रेटेड मॉडल आरएफपी जारी करने का सव. सम्मति से निर्णय लिया गया। वहीं चक रसलपुर और कोसुक क्षेत्र में लंबे समय से जमा कचरे (लिगेसी वेस्ट) के निस्तारण के लिए 5.93 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। इसके अलावा वार्ड संख्या 05 और वार्ड संख्या 23 में बने विद्युत शवदाह गृह को नगर निगम को सौंपे जाने के बाद उसके संचालन के लिए आवश्यक मानवबल की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के अंत में महापौर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यवाही समाप्त की।

# प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया में 22 बच्चों ने कराया नामांकन

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** शिक्षा विभाग के निर्देशन में 01 अप्रैल से चलाए जा रहे प्रवेशोत्सव अभियान व जिलाधिकारी नालन्दा द्वारा निर्देशित 02 मई को विशेष प्रवेशोत्सव अभियान ष्स्कूल चले हमष से प्रेरित होकर कॉलोनी पावा, बंगाली नगर व बेलदरिया के 22 बच्चों ने प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया में नामांकन कराया। इस कार्य में विकास मित्र श्रीकांत मांझी, आंगनबाड़ी सेविका विभा कुमारी नंदनी का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधान शिक्षक रोहित कुमार ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है। यदि उपरोक्त आयु वर्ग का कोई बच्चा अनामां. कित है तो इसके लिए उसके माता–पिता, पोषक क्षेत्र के विद्यालय के शिक्षक, आंगनबाड़ी केंद्र, जन प्रतिनिधि सभी दोषी हैं। इसलिए सभी का यह उत्तरदायित्व है कि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएं।



वरीय शिक्षक बिनोद पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय के माध्यम से पोशाक, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक, बैग, कॉपी, फोलिक एसिड की गोली, कृमि नाशक दवा और समय समय पर बच्चों का स्वास्थ्य जांच भी किया जाता है। शिक्षक ललन पंडित, चंद्रशेखर पासवान, पायल गांधी, सरौवत अफ़रोज़, स्नेहा कुमारी, नीतू कुमारी ने नामांकित सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक देकर व खीर खिलाकर स्वागत किया। नामांकन अभियान में उर्दू प्राथमिक विद्यालय पेढ़ूका में 25, प्राथमिक विद्यालय नौबतपुर में 28 बच्चों ने नामांकन कराया।

# डीएम ने प्रवेशोत्सव में बच्चियों का किया नामांकन, स्कूल चले हम अभियान को मिला जोर

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 में शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "स्कूल चले हम" अभियान के तहत शनिवार को नालंदा जिले में प्रवेशोत्सव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बिहारशरीफ स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कमरूद्दीन गंज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चियों का नामांकन कराया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों से आई बच्चियों का स्वयं नामांकन करते हुए अभियान की शुरुआत की। विद्यालय से जुड़े सात आंगनबाड़ी केंद्रों–कोड 63, 62, 55, 166, 186, 145 एवं 57–से कुल 32 बच्चियां तथा क्षेत्र से तीन अन्य बच्चियां नामांकन के लिए पहुंचीं। डीएम ने कोड 63 की बच्ची सुमेरा का नामांकन किया, जबकि अन्य बच्चियों का नामांकन नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जिले में इस विशेष अभियान के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का निकटवर्ती विद्यालयों में उम्रानुसार कक्षा में नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों से चिन्हित 16,440 बच्चों की सूची तैयार की गई है। प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालयों में उत्सवी माहौल बनाया गया। साफ–सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, फ्लैक्स–बैनर, टीएलएम प्रदर्शनी एवं बच्चों के लिए चॉकलेट आदि की व्यवस्था की गई। नामांकन के समय बच्चों को पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गई। डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य एक भी बच्चा छूटे बिना सभी का नामांकन सुनिश्चित करना है।



उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बच्चों का ड्रॉपआउट रोका जाए और अभिभावकों के साथ नियमित बैठक कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए आंखों की जांच एवं निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने तथा विद्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# वीरायतन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, आचार्य श्री चंदना जी के बताये रास्ते पर चलने का साध्वी संप्रज्ञा ने लिया दृढ़ संकल्प



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** वीरायतन के संस्थापिका परम पूज्य आचार्य श्री चंदनाश्री जी के पुणे में हुए देवलोक गमन के बाद गुरुवार को श्री पार्श्व जिनालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। उनका निधन 22 अप्रैल को पुणे में हुआ था। इसके बाद 24 अप्रैल को पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अभय प्रभावना पुणे में वीरायतन के अध्यक्ष डॉ. अभय फिरोदिया के द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया गया था। यह जानकारी वीरायतन के महाप्रबंधक अंजनी कुमार ने दी। साध्वी रोहिणी जी ने मंगलाचरण से सभा की शुरूआत की और पूर्व मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आलोक कुमार सिन्हा की पत्नी एवं महान शिक्षाविद सीमा सिंह, बिहार सरकार के पूर्व एडिशनल अटार्नी जनरल एवं पटना उच्च न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता अजय कुमार रस्. तोगी, विमल जैन, पटना, नवीन भंडारी पुणे से एवं साध्वी संप्रज्ञा जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। साध्वी संप्रज्ञा जी ने श्री ताई मां के अपने जीवन पर गहरा प्रभाव का वर्णन किया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनके साथ बीताये 45 वर्षों को कभी नहीं भूल सकते हैं। उन्होंने आचार्य श्री चंदनाजी महाराज के विगत 55 वर्षों में बिहार के सामान्य लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए सेवा और शिक्षा के माध्यम से किए गए कार्यों का वर्णन किया। आचार्य श्री चंदनाश्री जी के साथ पिछले 16 वर्षों से छाया की तरह रहने वाले मुंबई के जय जैन ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि 16 साल हमारे लिए अनमोल और कीमती है। हमने इन 16 वर्षों को श्री ताई मां के सानिध्य और सेवा में लगाया। इन 16 वर्षों में कितने ही सेवा और शिक्षा से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्टों का शिलान्यास किया गया। पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आचार्य श्री चंदना जी ने नालंदा के साथ–साथ बिहार और पूरे भारत के लिए मानव सेवा में जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह जब तक सूरज और चांद रहेगा तब तक बरकरार रहेगा। उन्होंने वीरायतन द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देने का आश्वासन दिया। सांसद कौशलेंद्र कुमार जी ने श्री ताई मां को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नालंदा के साथ–साथ बिहार की धरोहर बताया। पद्मश्री विभूषित विमल जैन ने कहा की वे गरीबों एवं लाचारों के लिए आर्टिफिशियल पैर एवं हाथ का निर्माण वीरायतन में किया जाता था और कालांतर में परम पूज्य आचार्य श्री जी ने यह जिम्मेदारी मुझे सौंप दी। मैं उनके सौंपे हुए कार्य का आज तक बखूबी निर्वहन पटना में कर रहा हूं। महान शिक्षाविद सीमा सिंह जी ने शिक्षा के क्षेत्र में आचार्य श्री चंदनाश्री जी के द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और अपना संपूर्ण सहयोग वीरायतन को प्रदान करने के लिए अपनी सहमति दी। बैद्यनाथ आयुर्वेद कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रमोद शर्मा जी ने कहा की श्री ताई मां की एक इच्छा थी की आयुर्वेद में रिसर्च एंड डेवलपमेंट का एक बड़ा केंद्र राजगीर में स्थापित हो। उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग इस कार्य को देने के लिए सहमति व्यक्त की। पुणे से पधारे हुए प्रसिद्ध उद्योगपति नवीन भंडारी ने विगत 2 साल में उनके साथ बिताए हुए क्षणों को सबके साथ साझा किया और बताया मैं तो एक व्यापारी था लेन और देन की भाषा ही समझता था पर श्री ताई मां के पुणे प्रवास के दौरान जब उनका सानिध्य मिला तब मुझे धरती पर रहकर सही मायने में सार्थक जीवन जीने की कला का पता चला। नालंदा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रमेश प्रताप सिंह परिहार ने कहा कि श्री ताई मां के आशीर्वाद से वीरायतन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि करीब 24 देश के छात्र हमारे परिसर में रहते हैं जिनकी आंखों और दांतों की चिकित्सा के साथ–साथ पैथोलॉजी जांच भी सभी सस्ते दामों में वीरायतन उपलब्ध कराती है। इसके अलावा रांची से आये सुभाष चंद्र जी बो. थरा, श्वेतांबर कोठी राजगीर के ट्रस्टी राजकुमार जैन, वीरायतन के पूर्व दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, श्रीमती सरोज पाटिल जैन, रोटरी क्लब तथागत के डॉक्टर अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. फैसल अरशद, धनबाद जैन संघ के भरत दोषी, हिसुआ से आए हुए ओमकार कश्यप, तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर, लछुआर एवं पावापुरी के जितेंद्र कुमार सिंह एवं कौशल किशोर, शिक्षाविद तेजकर झा, अनूप कुमार जैन, वीरायतन के चिकित्सक डॉ. रंजन कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुमन कुमार, डॉक्टर अभिलेख झा, डॉक्टर तबरेज आलम, शुभम कुमार उपाध्याय, विजय कुमार भगत, जदयू नेता मुन्ना कुमार, रंजीत कुमार, रवि सिंह अन्य ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# धनेश्वर घाट स्थित ई–लाइब्रेरी भवन का डीएम ने किया निरीक्षण, 8 दिनों में कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शनिवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बिहारशरीफ के धनेश्वर घाट स्थित स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत निर्मित ई–लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि भवन की मरम्मत सहित सभी आवश्यक सुविधाएं आठ दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण की जाएं, ताकि ई–लाइब्रेरी को शीघ्र चालू किया जा सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी निर्देश दिया कि ई–लाइब्रेरी संचालन से संबंधित सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, जिससे छात्रों एवं आम नागरिकों को इसका लाभ जल्द मिल सके।



निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नालंदा में पेट्रोल–डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें– डीएम

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में रसोई गैस की कमी और पेट्रोल पंप बंद होने की मिल रही सूचनाओं के बीच जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शनिवार को तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि सभी कंपनियों के पेट्रोल पंप पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं तथा खपत के अनुसार लगातार आपूर्ति की जा रही है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शादी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें और 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक भी बनाए रखें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। साथ ही निर्देश दिया गया कि वितरण में किसी भी तरह की बाधा आने पर संबंधित अधिकारी तुरंत समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान करें और स्थिति से प्रशासन को अवगत कराएं। एलपीजी की उपलब्धता पर जानकारी देते हुए नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8524 घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति



की जा रही है। वर्तमान में जिले का बैकलॉग 3.3 है, जो राज्य में तीसरा सबसे कम है। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव क्षेत्र में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड और राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।डीएम ने बताया कि अब तक जिले में 1828 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है। साथ ही आवासीय विद्यालय, छात्रावास, सामुदायिक रसोई एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित कंपनी को दिया गया है। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर– 06112–233168) संचालित किया जा रहा है। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड बैठक में कई अहम फैसले, सफाई से लेकर जलजमाव रोकने तक बनी योजना

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक 27 अप्रैल 2026 को नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर निगम स्तर से जारी होने वाले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए समय–सीमा निर्धारित करने तथा आम लोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का फैसला किया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत मोटर मरम्मत के लिए वर्तमान तीन टीमों के अलावा एक अतिरिक्त टीम गठित करने और अतिरिक्त मोटर पंप सेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चापाकलों की मरम्मत युद्धस्तर पर कराने की बात कही गई। मानसून से पहले शहर में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए 20 मई 2026 तक सभी बड़े, मध्यम और छोटे नालों की सफाई (उड़ाही) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर इंटीग्रेटेड मॉडल आरएफपी जारी करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वहीं चक रसलपुर और कोसुक क्षेत्र में लंबे समय से जमा कचरे (लिगेसी वेस्ट) के निस्तारण के लिए 5.93 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। इसके अलावा वार्ड संख्या 05 और वार्ड संख्या 23 में बने विद्युत शवदाह गृह को नगर निगम को सौंपे जाने के बाद उसके संचालन के लिए आवश्यक मानवबल की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के अंत में महापौर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यवाही समाप्त की।

# एनईईटी (यूजी) परीक्षा को लेकर बिहारशरीफ में धारा 163 लागू, 500 गज दायरे में निषेधाज्ञा

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित एनईईटी (यूजी) परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नालंदा जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर बिहारशरीफ अनुमंडल क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह परीक्षा 3 मई 2026 (रविवार) को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी। जिले में तीन परीक्षा केंद्र–नालंदा कॉलेज, किसान कॉलेज तथा एस.एस. बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ–निर्धारित किए गए हैं। अनुमंडल दंडाधिकारी किसलय श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार के हथियार, लाठी, भाला, गड़ासा या लाइसेंसी आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर भी रोक लगाई गई है। परीक्षा के दौरान अनाधिकृत आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने परीक्षा के दिन सुबह 10रू00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में स्थित सभी फोटोस्टेट दुकान, साइबर कैफे एवं कोचिंग संस्थानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। साथ ही लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त गश्ती दल भी सक्रिय रहेंगे। हालांकि यह आदेश ड्यूटी में लगे पदाधिकारियों, पुलिस बल, शवयात्रा एवं ऐसे व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा जो बिना सहारे चलने में असमर्थ हैं। यह निषेधाज्ञा 2 मई 2026 से लागू होकर परीक्षा अवधि तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील की है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।परीक्षार्थियों को केवल आवश्यक लेखन सामग्री ही ले जाने की अनुमति होगी, जबकि मोबाइल फोन समेत अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं पर पूरी तरह रोक रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।







